**''कोई भी व्यक्ति जो अपने संप्रदाय को महिमा-मंडित करने की दृष्टि से अपने धार्मिक संप्रदाय की प्रशंसा करता है या अपने संप्रदाय के प्रति अत्यधिक भक्ति के कारण अन्य संप्रदायों की निन्दा करता है, वह अपितु अपने संप्रदाय को गंभीर रूप से हानि पहुंचता है।''**

"Whosoever praises his religious sect or blames other sects out of excessive devotion to his own sect, with the view of glorifying his own sect, he rather injures his own sect very severely."

(a) अशोक (b) समुद्रगुप्त
(c) हर्षवर्धन (d) कृष्णदेव राय

**17. गांधीवाद और मार्क्सवाद के बीच एक समान सहमति पाई जाती है। यह निम्नलिखित में से कौन-सी है?**

One common agreement between Gandhism and Marxism is

(a) एक अंतिम लक्ष्य के रूप में राज्यविहीन समाज
    the final goal of a stateless society
(b) वर्ग संघर्ष
    class struggle
(c) निजी संपत्ति की समाप्ति
    abolition of private property
(d) आर्थिक नियतिवाद
    economic determinism

## 2019

**1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. दिल्ली सल्तनत के राजस्व प्रशासन में राजस्व वसूली के प्रभारी को 'आमिल' कहा जाता था।
   In the revenue administration of Delhi Sultanate, the in-charge of revenue collection was known as 'Amil'.
2. दिल्ली के सुल्तानों की इक्ता प्रणाली एक प्राचीन देशी संस्था थी।
   The Iqta system of Sultans of Delhi was an ancient indigenous institution.
3. 'मीर बख्शी' का पद दिल्ली के खलजी सुल्तानों के शासनकाल में अस्तित्व में आया।
   The office of 'Mir Bakshi' came into existence during the reign of Khalji Sultans of Delhi.

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

**2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. संत निम्कार्ब, अकबर के समकालीन थे।
   Saint Nimbarka was a contemporary of Akbar.
2. संत कबीर, शेख अहमद सरहिंदी से अत्यधिक प्रभावित थे।
   Saint Kabir was greatly influenced by Shaikh Ahmad Sirhindi.

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**3. भारत में ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

With reference to the British colonial rule in India, consider the following statements:

1. महात्मा गांधी 'गिरमिटिया (इंडेंचर्ड लेबर) प्रणाली' के उन्मूलन में सहायक थे।
   Mahatma Gandhi was instrumental in the abolition of the system of 'indentured labour'.
2. लॉर्ड चेम्सफोर्ड की 'वॉर कॉन्फरेन्स' में महात्मा गांधी ने विश्व युद्ध के लिए भारतीयों की भर्ती से संबंधित प्रस्ताव का समर्थन नहीं किया था।
   In Lord Chelmsford's 'War Conference', Mahatma Gandhi did not support the resolution on recruiting Indians for World War.
3. भारत के लोगों द्वारा नमक कानून तोड़े जाने के परिणामस्वरूप, औपनिवेशिक शासकों द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को अवैध घोषित कर दिया गया था।
   Consequent upon the breaking of Salt Law by Indian people, the Indian National Congress was declared illegal by the colonial rulers.

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**4. भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के संदर्भ में, निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:**

With reference to Indian National Movement, Consider the following pairs:

| | **व्यक्ति** | | **धारित पद** |
|---|---|---|---|
| | Person | | Position held |
| 1. | सर तेज बहादुर सप्रू | : | अध्यक्ष, अखिल भारतीय उदार संघ |
| | Sir Tej Bahadur Sapru | : | President, All India Liberal Federation |
| 2. | के.सी. नियोगी | : | सदस्य, संविधान सभा |
| | K.C. Neogy | : | Member, The Constituent Assembly |
| 3. | पी.सी. जोशी | : | महासचिव, भारतीय साम्यवादी दल |
| | P.C. Joshi | : | General Secretary, Com-munist Party of India |

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं?**

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

**5. मुगल भारत के संदर्भ में, जागीरदार और जमींदार के बीच क्या अंतर है/हैं?**

With reference to Mughal India, what is/are the difference/differences between Jagirdar and Zamindar?

1. जागीरदारों के पास न्यायिक और पुलिस दायित्वों के एवज में भूमि आबंटनों का अधिकार होता था, जबकि जमींदारों के पास राजस्व अधिकार होते थे तथा उन पर राजस्व उगाही को छोड़कर अन्य कोई दायित्व पूरा करने की बाध्यता नहीं होती थी।
   Jagirdars were holders of land assignments in lieu of judicial and police duties, whereas Zamindars were holders of revenue rights without obligation to perform any duty other than revenue collection.
2. जागीरदारों को किए गए भूमि आबंटन वंशानुगत होते थे और जमींदारों के राजस्व अधिकार वंशानुगत नहीं होते थे।
   Land assignments to Jagirdars were hereditary and revenue rights of Zamindars were not hereditary.

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-**

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो, 1 न ही 2

**6. 'चार्टर एक्ट, 1813' के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

Consider the following statements about 'the Charter Act of 1813':

1. इसने भारत में ईस्ट इंडिया कम्पनी के व्यापार एकाधिपत्य को, चाय का व्यापार तथा चीन के साथ व्यापार को छोड़कर, समाप्त कर दिया।
   It ended the trade monopoly of the East India Company in India except for trade in tea and trade with China.
2. इसने कम्पनी द्वारा अधिकार में लिए गए भारतीय राज्यक्षेत्रों पर ब्रिटिश राज (क्राउन) की सम्प्रभुता को सुदृढ़ कर दिया।
   It asserted the sovereignty of the British Crown over the Indian territories held by the Company.
3. भारत का राजस्व अब ब्रिटिश संसद के नियंत्रण में आ गया था।
   The revenues of India were now controlled by the British Parliament.

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**7. स्वदेशी आंदोलन के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
With reference to Swadeshi Movements, consider the following statements:
1. इसने देशी शिल्पकारों के कौशल तथा उद्योगों को पुनर्जीवित करने में योगदान किया।
   It contributed to the revival of the indigenous artisan crafts and industries.
2. स्वदेशी आंदोलन के एक अवयव के रूप में राष्ट्रीय शिक्षा परिषद की स्थापना हुई थी।
   The National Council of Education was established as a part of Swadeshi Movement.

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**8. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:**

| **आंदोलन/संगठन Organization** | **नायक (लीडर) Leader** |
|---|---|
| 1. अखिल भारतीय अस्पृश्यता विरोधी लीग All India Anti Untouchability League | : महात्मा गांधी : Mahatma Gandhi |
| 2. अखिल भारतीय किसान सभा All India Kisan Sabha | : स्वामी सहजानंद सरस्वती : Swami Sahajanand Saraswati |
| 3. आत्मसम्मान आंदोलन Self Respect Movement | : ई.वी. रामास्वामी नायकर E.V. Ramaswami Naicker |

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं?**
(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**9. निम्न में से कौन-सा एक हड़प्पा स्थल नहीं है?**
Which one of the following is not a Harappan site?
(a) चन्हुदड़ो (Chanhudaro)
(b) कोट दीजी (Kot Diji)
(c) सोहगौरा (Sohagaura)
(d) देसलपुर (Desalpur)

**10. निम्नलिखित में से किस उभारदार मूर्तिशिल्प (रिलीफ स्कल्प्चर) शिलालेख में अशोक के प्रस्तर रूपचित्र के साथ 'राण्यो अशोक' (राजा अशोक) उल्लिखित है?**
In which of the following relief sculpture inscriptions is 'Ranyo Ashoka' (King Ashoka) mentioned along with the stone portrait of Ashoka?
(a) कंगनहल्ली (Kanganahalli)
(b) सांची (Sanchi)
(c) शाहबाजगढ़ी (Shahbazgarhi)
(d) सोहगौरा (Sohgaura)

**11. निम्नलिखित पर विचार कीजिए:**
1. बुद्ध में देवत्वारोपण
   Deification of the Buddha
2. बोधिसत्त्व के पथ पर चलना
   Treading the path of Bodhisattvas
3. मूर्ति उपासना तथा अनुष्ठान
   Image worship and rituals

**उपर्युक्त में से कौन-सी विशेषता/विशेषताएं महायान बौद्धमत की है/हैं?**
(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**12. गुप्त काल के दौरान भारत में बलात् श्रम (विष्टि) के संदर्भ में, निम्न में से कौन-सा कथन सही है?**
With reference to forced labour (Vishti) in India during the Gupta period,which one of the following statements is correct?
(a) इसे राज्य के लिए आय का एक स्रोत, जनता द्वारा दिया जाने वाला एक प्रकार का कर, माना जाता था।
It was considered a source of income for the State, a sort of tax paid by the people.
(b) यह गुप्त साम्राज्य के मध्य प्रदेश तथा काठियावाड़ क्षेत्रों में पूर्णतः अविद्यमान था।
It was totally absent in the Madhya Pradesh and Kathiawar regions of the Gupta Empire.
(c) बलात् श्रमिक साप्ताहिक मजदूरी का हकदार होता था।
The forced labourer was entitled to weekly wages.
(d) मजदूर के ज्येष्ठ पुत्र को बलात् श्रमिक के रूप में भेज दिया जाता था।
The eldest son of the labourer was sent as the forced labourer.

## 2018

**1. उन्होंने मैजिनी, गैरिबॉल्डी, शिवाजी तथा श्रीकृष्ण की जीवनी लिखी; वे अमेरिका में कुछ समय के लिए रहे तथा वे केन्द्रीय सभा के सदस्य भी निर्वाचित हुए। वे थे-**
He wrote biographies of Mazzini, Garibaldi Shivaji and Shrikrishna; stayad in America for some time; and was also elected to the Central Assembly. He was
(a) अरविंद घोष (Aurobindo Ghosh)
(b) विपिन चन्द्र पाल (Bipin Chandra Pal)
(c) लाला लाजपत राय (Lala Lajpat Rai)
(d) मोतीलाल नेहरू (Motilal Nehru)

**2. वुड डिस्पैच के बारे में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य हैं?**
Regarding Wood's Dispatch, which of the following statements are true?
1. सहायता अनुदान व्यवस्था (ग्रांट्स-इन-एड) शुरू की गई।
   Grants -in-Aid system was introduced.

2. विश्वविद्यालयों की स्थापना की सिफारिश की गई।
Establishment of universities was recommended.
3. शिक्षा के सभी स्तरों पर शिक्षण माध्यम के रूप में अंग्रेजी की सिफारिश की गई।
English as a medium of instruction at all levels of education was recommended.

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:**

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**3. भारतीय शासन अधिनियम, 1935 के द्वारा स्थापित संघ में अवशिष्ट शक्तियां किसे दी गई थीं?**

In the Federation established by The Government of India Act of 1935, residuary powers were given to the

(a) संघीय विधान-मण्डल को (Federal Legislature)
(b) गवर्नर जनरल को (Governor General)
(c) प्रांतीय विधान-मंडल को (Provincial Legislature)
(d) प्रांतीय राज्यपालों को (Provincial Governors)

**4. संथाल विद्रोह के शांत हो जाने के बाद, औपनिवेशिक शासन द्वारा कौन-सा/से उपाय किया गया/किए गए?**

After the Santhal Uprising subsided, what was/were the measure/measures taken by the colonial government?

1. 'संथाल परगना' नामक राज्यक्षेत्रों का सृजन किया गया।
The territories called 'Santhal Paraganas' were created.
2. किसी संथाल का गैर-संथाल को भूमि अंतरण करना गैरकानूनी हो गया।
It became illegal for a Santhal to transfer land to a non-Santhal.

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:**

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**5. आर्थिक तौर पर, 19वीं शताब्दी में भारत पर शासन का एक परिणाम था?**

Economically, one of the results of the British rule in India in the 19th century was the

(a) भारतीय हस्त-शिल्पों के निर्यात में वृद्धि
increase in the export of Indian handicrafts
(b) भारतीयों के स्वामित्व वाले कारखानों की संख्या में वृद्धि
growth in the number of Indian owned factories
(c) भारतीय कृषि का वाणिज्यीकरण
commercialization of Indian agriculture
(d) नगरीय जनसंख्या में तीव्र वृद्धि
rapid increase in the urban population

**6. 18वीं शताब्दी के मध्य इंग्लिश ईस्ट इंडिया कम्पनी के द्वारा बंगाल से निर्यातित प्रमुख पण्यपदार्थ (स्टेपल कमोडिटीज) क्या थे?**

The staple commodities of export by the English East India Company from Bengal in the middle of the 18th century were

(a) अपरिष्कृत कपास, तिलहन और अफीम
Raw cotton, oil-seeds and opium
(b) चीनी, नमक, जस्ता और सीसा
Sugar, salt, zinc and lead
(c) तांबा, चांदी, सोना, मसाले और चाय
Copper, silver, gold, spices and tea
(d) कपास, रेशम, शोरा और अफीम
Cotton, silk, saltpetre and opium

**7. निम्नलिखित में से कौन-सा एक चम्पारण सत्याग्रह का अति महत्वपूर्ण पहलू है?**

Which one of the following is a very significant aspect of the Champaran Satyagraha?

(a) राष्ट्रीय आंदोलन में अखिल भारतीय स्तर पर अधिवक्ताओं, विद्यार्थियों और महिलाओं की सक्रिय सहभागिता
Active all-India participation of lawyer, students and women in the National Movement
(b) राष्ट्रीय आंदोलन में भारत के दलित और आदिवासी समुदायों की सक्रिय भागीदारी
Active involvement of Dalit and Tribal communities of India in the National Movement
(c) भारत के राष्ट्रीय आंदोलन में किसान असंतोष का सम्मिलित होना
Joining of peasant unrest to India's National Movement
(d) रोपण फसलों तथा वाणिज्यिक फसलों की खेती में भारी गिरावट
Drastic decrease in the cultivation of plantation crops and commercial crops

**8. निम्नलिखित में से कौन 1948 में स्थापित ''हिन्द मजदूर सभा'' के संस्थापक थे?**

Who among the following were the founders of the "Hind Mazdoor Sabha" established in 1948?

(a) बी. कृष्ण पिल्लई, ई.एम.एस. नम्बूदिरिपाद और के.सी. जॉर्ज
B. Krishna Pillai, E.M.S. Namboodiripad and K.C. George
(b) जयप्रकाश नारायण, दीन दयाल उपाध्याय और एम.एन. रॉय
Jayaprakash Narayan, Deen Dayal Upadhyay and M.N. Roy
(c) सी.पी. रामास्वामी अय्यर, के. कामराज और वीरेशलिंगम पंतुलु
C.P. Ramaswamy Iyer, K.Kamaraj and Veeresalingam Pantulu
(d) अशोक मेहता, टी.एस. रामानुजम और जी.जी. मेहता
Ashok Mehta, T.S. Ramanujam and G.G. Mehta

**9. भारत की धार्मिक प्रथाओं के संदर्भ में ''स्थानकवासी'' सम्प्रदाय का संबंध किससे है?**
With reference to the religious practices in India, the "Sthanakvasi" sect belongs to
(a) बौद्ध धर्म (Buddhism)
(b) जैन मत (Jainism)
(c) वैष्णव मत (Vaishnavism)
(d) शैव मत (Shaivism)

**10. निम्न विदेशी यात्रियों में से किसने भारत के हीरों और हीरे की खदानों की विस्तृत रूप से चर्चा की?**
Which one of the following foreign travellers elaborately discussed about diamonds and diamond mines of India?
(a) फ्रांस्वा बर्नियर (Francois Bernier)
(b) ज्यां-बैप्टिस्ट टेवर्नियर (Jean-Baptiste Tavernier)
(c) ज्यां द थेवेनी (Jean de Thevenot)
(d) एबे बार्थेलेमी कारे (Abbe Barthelemy Carre)

**11. भारतीय इतिहास के सन्दर्भ में, निम्नलिखित में से कौन भावी बुद्ध है, जो संसार की रक्षा हेतु अवतरित होंगे?**
With reference to Indian history, who among the following is a future Buddha, yet to come to save the world?
(a) अवलोकितेश्वर (Avalokiteshvara)
(b) लोकेश्वर (Lokesvara)
(c) मैत्रेय (Maitreya)
(d) पद्मपाणि (Padmapani)

**12. लॉर्ड वेलेजली द्वारा लागू की गई सहायक संधि व्यवस्था के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन लागू नहीं होता?**
Which one of the following statement does not apply to the system of Subsidiary Alliance introduced by Lord Wellesley?
(a) दूसरों के खर्च पर एक बड़ी सेना बनाए रखना
To maintain a large standing army at other's expense
(b) भारत को नेपोलियन के खतरे से सुरक्षित रखना
To keep India safe from Napoleonic danger
(c) कंपनी के लिए एक नियत आय का प्रबन्ध करना
To secure a fixed income for the Company
(d) भारतीय रियासतों के ऊपर ब्रिटिश सर्वोच्चता स्थापित करना
To establish British paramountcy over the Indian States

**13. निम्नलिखित में से किससे/किनसे भारत में अंग्रेजी शिक्षा की नींव पड़ी?**
Which of the following led to the introduction of English Education in India?
1. 1813 का चार्टर एक्ट (Charter Act of 1813)
2. जनरल कमेटी ऑफ पब्लिक इंस्ट्रक्शन, 1823 (General Committee of Public Instruction, 1823)
3. प्राच्यविद् एवं आंग्लविद् विवाद (Orientalist and Anglicist Controversy)

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:**
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**14. 1920 में, निम्नलिखित में से किसने अपना नाम परिवर्तित कर ''स्वराज्य सभा'' रख लिया?**
In 1920, which of the following changed its name to "Swarajya Sabha"?
(a) ऑल इंडिया होम रूल लीग (All India Home Rule League)
(b) हिन्दू महासभा (Hindu Mahasabha)
(c) साउथ इंडियन लिबरल फेडरेशन (South Indian Liberal Federation)
(d) द सर्वेन्ट्स ऑफ इंडिया सोसाइटी (The Servants of India Society)

**15. निम्नलिखित में से कौन-सी घटना सबसे पहले हुई?**
Which among the following events happened earliest?
(a) स्वामी दयानंद ने आर्य समाज की स्थापना की।
Swami Dayanand established Arya Samaj.
(b) दीनबंधु मित्र ने नीलदर्पण का लेखन किया।
Dinabandhu Mitra wrote Neeldarpan.
(c) बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय ने आनंदमठ का लेखन किया।
Bankim Chandra Chattopadhyay wrote Anandmath.
(d) सत्येन्द्रनाथ टैगोर इंडियन सिविल सर्विस परीक्षा में सफलता पाने वाले प्रथम भारतीय बने।
Satyendranath Tagore became the first Indian to succeed in the Indian Civil Services Examination.

**16. भारत में औपनिवेशिक शासन के दौरान शैक्षणिक संस्थाओं के सन्दर्भ में, निम्न युग्मों पर विचार कीजिए:**
With reference to educational institutions during colonial rule in India, consider the following pairs:

| संस्थान Institution | संस्थापक Founder |
|---|---|
| 1. बनारस का संस्कृत कॉलेज Sanskrit Collage at Benaras | विलियम जोन्स William Jones |
| 2. कलकत्ता मदरसा Calcutta Madarsa | वॉरेन हेस्टिंग्स Warren Hastings |
| 3. फोर्ट विलियम कॉलेज Fort William Collage | आर्थर वेलेजली Arthur Wellesley |

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**
(a) 1 और 2 (b) केवल 2
(c) 1 और 3 (d) केवल 3

**17. निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए:**
1. भारत के किसी राज्य में सर्वप्रथम लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई साम्यवादी दल की सरकार।
The first democratically elected communist party government formed in a State in India.

2. भारत का उस समय का सबसे बड़ा बैंक 'इम्पीरियल बैंक ऑफ इंडिया' जिसका नाम बदलकर 'भारतीय स्टेट बैंक' रखा गया।
India's then largest bank, 'Imperial Bank of India', was renamed 'State Bank of India'.
3. एयर इंडिया का राष्ट्रीयकरण किया गया और यह राष्ट्रीय वाहक बन गया।
Air India was nationalised and became the national carrier.
4. गोवा स्वतंत्र भारत का अंग बन गया।
Goa became a part of independent India.

**निम्नलिखित में से कौन-सा उपर्युक्त घटनाओं का सही कालानुक्रम है?**

(a) 4-1-2-3 (b) 3-2-1-4
(c) 4-2-1-3 (d) 3-1-2-4

## 2017

**1. ऋग्वेद-कालीन आर्यों और सिन्धु घाटी के लोगों की संस्कृति के बीच अंतर के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**
With reference to the difference between the culture of Rigvedic Aryans and Indus Valley people, which of the following statements is/are correct?

1. ऋग्वेद-कालीन आर्य कवच और शिरस्त्राण (हेलमेट) का उपयोग करते थे, जबकि सिन्धु घाटी सभ्यता के लोगों में इनके उपयोग का कोई साक्ष्य नहीं मिलता।
Rigvedic Aryans used the coat of mail and helmet in warfare whereas the people of Indus Valley Civilization did not leave any evidence of using them.
2. ऋग्वेद-कालीन आर्यों को स्वर्ण, चांदी और ताम्र का ज्ञान था, जबकि सिन्धु घाटी के लोगों को केवल ताम्र और लोह का ज्ञान था।
Rigvedic Aryans knew gold, silver and copper whereas Indus Valley people knew only copper and iron.
3. ऋग्वेद-कालीन आर्यों ने घोड़े को पालतू बना लिया था, जबकि इस बात का कोई साक्ष्य नहीं है कि सिन्धु घाटी के लोग इस पशु को जानते थे।
Rigvedic Aryans had domesticated the horse whereas there is not evidence of Indus Valley people having been aware of this animal.

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:**

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**2. निम्नलिखित में से कौन ब्रिटिश शासन के दौरान भारत में रैयतवाड़ी बंदोबस्त के प्रारंभ किए जाने से संबद्ध था/थे?**
Who among the following was/were associated with the introduction of Ryotwari Settlement in India during the British rule?

1. लॉर्ड कॉर्नवॉलिस (Lord Cornwallis)
2. अलेक्जैंडर रीड (Alexander Read)
3. थॉमस मुनरो (Thomas Munro)

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:**

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**3. 1929 का व्यापार विवाद अधिनियम (ट्रेड डिस्प्यूट्स एक्ट) निम्नलिखित में से किसका उपबंध करता है?**
The Trade Disputes Act of 1929 provided for

(a) उद्योगों के प्रबंधन में कामगारों की भागीदारी
the participation of workers in the management of industries.
(b) औद्योगिक झगड़ों के दमन के लिए प्रबंधन के पास मनमानी करने की शक्ति
arbitrary powers to the management to quell industrial disputes.
(c) व्यापार विवाद की स्थिति में ब्रिटिश न्यायालय द्वारा हस्तक्षेप
an intervention by the British Court in the event of a trade dispute.
(d) अधिकरणों (ट्रिब्यूनल्स) की प्रणाली तथा हड़तालों पर रोक
a system of tribunals and a ban on strikes.

**4. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

1. फैक्टरी एक्ट, 1881 औद्योगिक कामगारों की मजदूरी नियत करने के लिए और कामगारों को मजदूर संघ बनाने देने की दृष्टि से पारित किया गया था।
The Factories Act, 1881 was passed with a view to fix the wages of industrial workers and to allow the workers to form trade unions.
2. एन.एम. लोखंडे ब्रिटिश भारत में मजदूर आन्दोलन संगठित करने में अग्रगामी थे।
N. M. Lokhande was a pioneer in organizing the labour movement in British India.

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 न ही 2

**5. 1927 की बटलर कमेटी का उद्देश्य था-**
The object of the Butler Committee of 1927 was to

(a) केंद्रीय एवं प्रांतीय सरकारों की अधिकारिता निश्चित करना।
Define the jurisdiction of the Central and Provincial Governments.
(b) भारत के सेक्रेटरी ऑफ स्टेट की शक्तियां निश्चित करना।
Define the powers of the Secretary of State for India.
(c) राष्ट्रवादी प्रेस पर सेंसर-व्यवस्था अधिरोपित करना
Impose censorship on national press.
(d) भारत सरकार एवं देशी रियासतों के बीच संबंध सुधारना।
Improve the relationship between the Government of India and the Indian States.

6. **निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:**

| | |
|---|---|
| 1. राधाकांत देब Radhakanta Deb | ब्रिटिश इंडियन एसोसिएशन के प्रथम अध्यक्ष First President of the British Indian Association |
| 2. गजुलु लक्ष्मीनरसु चेट्टी Gazulu Lakshminarasu Chetty | मद्रास महाजन सभा के संस्थापक Founder of the madras Mahajana Sabha |
| 3. सुरेन्द्रनाथ बनर्जी Surendranath Banerjee | इंडियन एसोसिएशन के संस्थापक Founder of the Indian Association |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?**

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

7. **निम्नलिखित में से कौन-सा एक काकतीय राज्य में अतिमहत्वपूर्ण समुद्र-पत्तन था?**
Which one of the following was a very important seaport in the Kakatiya kingdom?
(a) काकिनाडा (Kakinada)
(b) मोटुपल्ली (Motupalli)
(c) मछलीपटनम (मसुलीपटनम) (Machilipatnam (Masulipatnam)
(d) नेल्लुरु (Nelluru)

8. **भारत के धार्मिक इतिहास के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
With reference to the religious history of India, consider the following statements:
1. सौत्रान्तिक और सम्मितीय जैन मत के संप्रदाय थे।
Sautrantika and Sammitiya were the sects of Jainism.
2. सर्वास्तिवादियों की मान्यता थी कि दृग्विषय (फिनोमिना) के अवयव पूर्णत: क्षणिक नहीं हैं, अपितु अव्यक्त रूप में सदैव विद्यमान रहते हैं।
Sarvastivadin held that the constituents of phenomena were not wholly momentary, but existed forever in a latent form.

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

9. **भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष के संबंध में निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए:**
With reference to Indian freedom struggle, consider the following events:
1. रॉयल इंडियन नेवी में गदर
Mutiny in Royal Indian Navy
2. भारत छोड़ो आंदोलन का प्रारंभ
Quit India Movement launched
3. द्वितीय गोल मेज सम्मेलन
Second Round Table Conference

**उपर्युक्त घटनाओं का सही कालानुक्रम क्या है?**

(a) 1, 2, 3 (b) 2, 1, 3

(c) 3, 2, 1 (d) 3, 1, 2

## 2016

1. **विजयनगर के शासक कृष्णदेव की कराधान व्यवस्था से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
Regarding the taxation system of Krishna Deva, the ruler of Vijayanagar, consider the following statements:
1. भूमि की गुणवत्ता के आधार पर भू-राजस्व की दर नियत होती थी।
The tax rate on land was fixed depending on the quality of the land.
2. कारखानों के निजी स्वामी एक औद्योगिक कर देते थे।
Private owners of workshops paid an industries tax.

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 न ही 2

2. **प्राचीन भारत की निम्नलिखित पुस्तकों में से किस एक में शुंग राजवंश के संस्थापक के पत्र की प्रेम कहानी है?**
Which one of the following books of ancient India has the love story of the son of the founder of Sunga Dynasty?
(a) स्वप्नवासवदत्ता (Swapnavasavadatta)
(b) मालविकाग्निमित्र (Malavikagnimitra)
(c) मेघदूत (Meghadoota)
(d) रत्नावली (Ratnavali)

3. **मध्यकालीन भारत के सांस्कृतिक इतिहास के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
With reference to the cultural history of medieval India, consider the following statements:
1. तमिल क्षेत्र के सिद्ध (सित्तर) एकेश्वरवादी थे तथा मूर्तिपूजा की निंदा करते थे।
Siddhas (Sittars) of Tamil region were monotheistic and condemned idolatry.
2. कन्नड़ क्षेत्र के लिंगायत पुनर्जन्म के सिद्धांत पर प्रश्न चिह्न लगाते थे तथा जाति अधिक्रम को अस्वीकार करते थे।
Lingayats of Kannada region questioned the theory of rebirth and rejected the caste hierarchy.

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 न ही 2

4. **भारतीय इतिहास के मध्यकाल में बंजारे सामान्यत: कौन थे?**
Banjaras during the medieval period of Indian history were generally

(a) कृषक (Agriculturists) (b) योद्धा (Warriors)

(c) बुनकर (Weavers) (d) व्यापारी (Traders)

**5. सम्राट अशोक के राजादेशों का सबसे पहले विकूटन (डिसाइफर) किसने किया था?**

Who of the following had first deciphered the edicts of Emperor Ashoka?

(a) जॉर्ज बुहर (Georg Buhler)
(b) जेम्स प्रिंसेप (James Prinsep)
(c) मैक्स मूलर (Max Muller)
(d) विलियम जोन्स (William Jones)

**6. 'स्वदेशी' और 'बहिष्कार' पहली बार किस घटना के दौरान संघर्ष की विधि के रूप में अपनाए गए थे?**

The 'Swadeshi' and 'Boycott' were adopted as methods of struggle for the first time during the

(a) बंगाल विभाजन के विरूद्ध आंदोलन
Agitation against the Partition of Bengal
(b) होमरूल आंदोलन
Home Rule Movement
(c) असहयोग आंदोलन
Non-Cooperation Movement
(d) साइमन कमीशन की भारत यात्रा
Visit of the Simon Commission to India

**7. भारत के धार्मिक इतिहास के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

With reference to the religious history of India, consider the following statements:

1. बोधिसत्व, बौद्धमत के हीनयान सम्प्रदाय की केंद्रीय संकल्पना है।
The concept of Bodhisattva is Central to Hinayana sect of Buddhism.
2. बोधिसत्व अपने प्रबोध के मार्ग पर बढ़ता हुआ करुणामय है।
Bodhisattva is a compassionate one on his way to enlightenment.
3. बोधिसत्व समस्त सचेतन प्राणियों को उनके प्रबोध के मार्ग पर चलने में सहायता करने के लिए स्वयं की निर्वाण प्राप्ति विलम्बित करता है।
Bodhisattva delays achieving his own salvation to help all sentient beings on their path to it.

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 2 (d) 1, 2 और 3

**8. सत्य शोधक समाज ने संगठित किया-**

Satya Shodhak Samaj organized

(a) बिहार में आदिवासियों के उन्नयन का एक आंदोलन
A movement for upliftment of tribals in Bihar
(b) गुजरात में मंदिर प्रवेश का एक आंदोलन
A temple entry movement in Gujarat
(c) महाराष्ट्र में एक जाति-विरोधी आंदोलन
An anti-caste movement in Maharashtra
(d) पंजाब में एक किसान आंदोलन
A peasant movement in Punjab

**9. मॉन्टेग्यू-चेम्सफोर्ड प्रस्ताव किससे संबंधित थे?**

The Montague-Chelmsford Proposals were related to

(a) सामाजिक सुधार (Social reforms)
(b) शैक्षिक सुधार (Educational reforms)
(c) पुलिस प्रशासन में सुधार
(Reforms in police administration)
(d) सांविधानिक सुधार (Constitutional reforms)

**10. निम्नलिखित पर विचार कीजिए:**

1. कलकत्ता यूनिटेरियन कमिटी
Calcutta Unitarian Committee
2. टेबरनेकल ऑफ न्यू डिस्पेंसेशन
Tabernacle of New Dispensation
3. इंडियन रिफॉर्म एसोसिएशन
Indian Reform Association

**केशब चन्द्र सेन का संबंध उपर्युक्त में से किसकी/किनकी स्थापना से है?**

(a) केवल 1 और 3 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

**11. भारत के इतिहास के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:**

In the context of the history of India, consider the following pairs:

| शब्द (Term) | विवरण (Description) |
|---|---|
| 1. एरिपत्ति (Eripatti) | भूमि, जिससे मिलने वाला राजस्व अलग से ग्राम जलाशय के रख-रखाव के लिए निध. रित कर दिया जाता था। Land, revenue from which was set apart for the maintenance of the village tank |
| 2. तनियूर (Taniyurs) | एक अकेले ब्राह्मण अथवा एक ब्राह्मण समूह को दान में दिए गए ग्राम। Villages donated to a single Brahmin or a group of Brahmins |
| 3. घटिका (Ghatikas) | प्रायः मंदिरों के साथ संबद्ध विद्यालय। Colleges generally attached to the temples |

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं?**

(a) 1 और 2 (b) केवल 3
(c) 2 और 3 (d) 1 और 3

**12. मध्यकालीन भारत के आर्थिक इतिहास के संदर्भ में शब्द 'अरघट्टा' किसे निरूपित करता है?**

With reference to the economic history of medieval India, the term 'Araghatta' refers to

(a) बंधुआ मजदूर (Bonded labour)
(b) सैन्य अधिकारियों को दिए गए भूमि अनुदान
Land grants made to military officers
(c) भूमि की सिंचाई के लिए प्रयुक्त जलचक्र
Water wheel used in the irrigation of land
(d) कृषि भूमि में बदली गई बंजर भूमि
Wasteland converted to cultivated land

**13. वर्ष 1907 में सूरत में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विभाजन का मुख्य कारण क्या था?**
What was the main reason for the split in the Indian National Congress at Surat in 1907?
(a) लॉर्ड मिन्टो द्वारा भारतीय राजनीति में सांप्रदायिकता का प्रवेश कराना।
Introduction of communalism into Indian politics by Lord Minto
(b) अंग्रेजी सरकार के साथ नरमपंथियों की वार्ता करने की क्षमता के बारे में चरमपंथियों में विश्वास का अभाव।
Extremists lack of faith in the capacity of the moderates to negotiate with the British Government
(c) मुस्लिम लीग की स्थापना
Foundation of Muslim League
(d) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष निर्वाचित हो सकने में अरविंद घोष की असमर्थता
Aurobindo Ghosh's inability to be elected as the President of the Indian National Congress

**14. सर स्टैफर्ड क्रिप्स की योजना में यह परिकल्पना थी कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद**
The plan of Sir Stafford Cripps envisaged that after the Second World War
(a) भारत को पूर्ण स्वतंत्रता प्रदान की जानी चाहिए
India should be granted complete independence
(b) स्वतंत्रता प्रदान करने के पहले भारत को दो भागों में विभाजित कर देना चाहिए
India should be partitioned into two before granting independence
(c) भारत को इस शर्त के साथ गणतंत्र बना देना चाहिए कि वह राष्ट्रमंडल में शामिल होगा
India should be made a republic with the condition that she will join the Commonwealth
(d) भारत को डोमिनियन स्टेट्स दे देना चाहिए
India should be given Dominion status

## 2015

**1. रौलेट सत्याग्रह के सन्दर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
With reference to Rowlatt Satyagraha, which of the following statements is/are correct?
1. रौलेट अधिनियम, 'सेडिशन कमेटी' की सिफ़ारिश पर आधारित था।
The Rowlatt Act was based on the recommendations of the 'Sedition Committee'.
2. रौलेट सत्याग्रह में, गांधीजी ने होम रूल लीग का उपयोग करने का प्रयास किया।
In Rowlatt Satyagraha, Gandhiji tried to utilize the Home Rule League.
3. साइमन कमीशन के आगमन के विरूद्ध हुए प्रदर्शन रौलेट सत्याग्रह के साथ-साथ हुए।
Demonstrations against the arrival of Simon Commission coincided with Rowlatt Satyagraha.

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-**
(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**2. निम्नलिखित में से कौन भारत में उपनिवेशवाद का/के आर्थिक आलोचक था/थे?**
Who of the following was/were economic critic/critics of colonialism in India?
1. दादाभाई नौरोजी (Dadabhai Naoroji)
2. जी. सुब्रमण्य अय्यर (G. Subramania Iyer)
3. आर.सी. दत्त (R.C. Dutt)

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-**
(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**3. कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
With reference to Congress Socialist Party, consider the following statements:
1. इसने ब्रिटिश माल के बहिष्कार और करों के अपवंचन (इवेज़न) की वकालत की।
It advocated the boycott of British goods and evasion of taxes.
2. यह सर्वहारा-वर्ग का अधिनायकत्व स्थापित करना चाहती थी।
It wanted to establish the dictatorship of proletariat.
3. इसने अल्पसंख्यकों तथा दलित वर्गों के लिए पृथक् निर्वाचन क्षेत्र की वकालत की।
It advocated separate electorate for minorities and oppressed classes.

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 3
(c) 1, 2 और 3 (d) कोई नहीं

**4. भारत सरकार अधिनियम, 1919 ने निम्नलिखित में से किसको स्पष्ट रूप से परिभाषित किया?**
The Government of India Act of 1919 clearly defined
(a) न्यायपालिका एवं विधायिका (लेजिस्लेचर) के बीच शक्ति का पृथक्करण
The separation of power between the judiciary and the legislature
(b) केन्द्रीय एवं प्रान्तीय सरकारों की अधिकारिता
The jurisdiction of the central and provincial governments
(c) भारत के सेक्रेटरी ऑफ स्टेट एवं वाइसरॉय की शक्तियां
The power of the Secretary of State for India and the Viceroy
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
None of the above

**5. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:**

| **मध्यकालीन भारतीय राज्य** | | **वर्तमान क्षेत्र** |
|---|---|---|
| **Medieval Indian State** | | **Present Region** |
| 1. चम्पक (Champaka) | : | मध्य भारत (Central India) |
| 2. दुर्गर (Durgara) | : | जम्मू (Jammu) |
| 3. कुलूत (Kuluta) | : | मालाबार (Malabar) |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?**

(a) 1 और 2 (b) केवल 2

(c) 1 और 3 (d) केवल 3

**6. निम्नलिखित राज्यों में से किनका सम्बन्ध बुद्ध के जीवन से था?**

Which of the following Kingdoms were associated with the life of the Buddha?

1. अवन्ती (Avanti) 2. गान्धार (Gandhara)
3. कोसल (Kosala) 4. मगध (Magadha)

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-**

(a) 1, 2 और 3 (b) केवल 2 और 3

(c) 1, 3 और 4 (d) केवल 3 और 4

**7. निम्नलिखित पर विचार कीजिए:**

**बाबर के भारत आने के फलस्वरूप**

The arrival of Babur into India led to the

1. उपमहाद्वीप में बारूद के उपयोग की शुरूआत हुई
Introduction of gun powder in the subcontinent
2. इस क्षेत्र की स्थापत्यकला में मेहराब और गुंबद बनने की शुरूआत हुई
Introduction of the arch and dome in the region's architecture
3. इस क्षेत्र में तैमूरी (तिमूरिद) राजवंश स्थापित हुआ
Establishment of Timurid dynasty in the region

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-**

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 3

(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**8. इनमें से किसने अप्रैल 1930 में नमक कानून तोड़ने के लिए तंजौर तट पर एक अभियान संगठित किया था?**

Who of the following organized a march on the Tanjore coast to break the Salt Law in April 1930?

(a) वी.ओ. चिदम्बरम पिल्लै (V.O. Chidambaram Pillai)

(b) सी. राजगोपालाचारी (C. Rajagopalachari)

(c) के. कामराज (K. Kamaraj)

(d) ऐनी बेसेंट (Annie Besant)

**9. इनमें से किसने कृष्णा नदी की सहायक नदी के दक्षिणी तट पर एक नये नगर की स्थापना की और उस देवता के प्रतिनिधि के रूप में अपने इस नये राज्य पर शासन करने का दायित्व लिया, जिसके बारे में माना जाता था कि कृष्णा नदी से दक्षिण की समस्त भूमि उस देवता की है?**

Who of the following founded a new city on the south bank of a tributary to river Krishna and undertook to rule his new kingdom as the agent of a deity to whom all the land south of the river Krishna was supposed to belong?

(a) अमोघवर्ष प्रथम (Amoghavarsha I)

(b) बल्लाल द्वितीय (Ballala II)

(c) हरिहर प्रथम (Harihara I)

(d) प्रतापरुद्र द्वितीय (Prataparudra II)

**10. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रथम महिला अध्यक्ष सरोजिनी नायडू थीं।
The first woman President of the Indian National Congress was Sarojini Naidu.
2. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रथम मुस्लिम अध्यक्ष बदरुद्दीन तैय्यब जी थे।
The first Muslim President of the Indian National Congress was Badruddin Tyabji.

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**11. कैबिनेट मिशन के सन्दर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

With reference to the Cabinet Mission, which of the following statements is/are correct?

1. इसने एक संघीय सरकार के लिए सिफारिश की।
It recommended a federal government.
2. इसने भारतीय न्यायालयों की शक्तियों का विस्तार किया।
It enlarged the powers of the Indian courts.
3. इसने ICS में और अधिक भारतीयों के लिए उपबन्ध किया।
It provided for more Indians in the ICS.

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-**

(a) केवल 1 (b) 2 और 3

(c) 1 और 3 (d) कोई नहीं

**12. भारतीय इतिहास के सन्दर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से सामन्ती व्यवस्था का/के अनिवार्य तत्व है/हैं?**

With reference to Indian history, which of the following is/are the essential element/elements of the feudal system?

1. अत्यन्त सशक्त केन्द्रीय राजनीतिक सत्ता और अत्यन्त दुर्बल प्रान्तीय अथवा स्थानीय राजनीतिक सत्ता
A very strong centralized political authority and a very weak provincial or local political authority
2. भूमि के नियंत्रण तथा स्वामित्व पर आधारित प्रशासनिक संरचना का उदय
Emergence of administrative structure based on control and possession of land
3. सामन्त तथा उसके अधिपति के बीच स्वामी-दास सम्बन्ध का बनना
Creation of lord-vassal relationship between the feudal lord and his overlord

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

13. **निम्नलिखित में से किस आंदोलन के कारण भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का विभाजन हुआ, जिसके परिणामस्वरूप 'नरम दल' और 'गरम दल' का उद्‌भव हुआ?**
Which one of the following movements has contributed to a split in the Indian National Congress resulting in the emergence of 'moderates' and 'extremists'?
(a) स्वदेशी आंदोलन (Swadeshi Movement)
(b) भारत छोड़ो आंदोलन (Quit India Movement)
(c) असहयोग आंदोलन (Non-Cooperation Movement)
(d) सविनय अवज्ञा आंदोलन (Civil Disobedience Movement)

## 2014

1. **रैडक्लिफ समिति किसलिए नियुक्त की गई थी?**
The Radcliffe Committee was appointed to
(a) भारत में अल्पसंख्यकों की समस्या को सुलझाने के लिए
solve the problem of minorities in India
(b) स्वतंत्रता विधेयक को कार्यरूप में परिणत करने के लिए
give effect to the Independence Bill
(c) भारत और पाकिस्तान के बीच सीमाओं को निर्धारित करने के लिए
delimit the boundaries between India and Pakistan
(d) पूर्वी बंगाल के दंगों की जांच करने के लिए
enquire into the riots in East Bengal

2. **मध्यकालीन भारत में 'महत्तर' और 'पट्टकिल' पदनाम किनके लिए प्रयुक्त होते थे?**
In medieval India, the designations 'Mahattara' and 'Pattakila' were used for
(a) सैन्य अधिकारी (military officers)
(b) ग्राम मुखिया (village headmen)
(c) वैदिक कर्मकाण्ड के विशेषज्ञ (specialists in vedic rituals)
(d) शिल्पी श्रेणियों के प्रमुख (chiefs of craft guilds)

3. **निम्नलिखित राज्यों में से किनका सम्बंध बुद्ध के जीवन से था?**
Which of the following Kingdoms were associated with the life of the Buddha?
1. अवन्ति (Avanti) 2. गान्धार (Gandhara)
3. कोसल (Kosala) 4. मगध (Magadha)

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-**
(a) 1, 2 और 3 (b) 2 और 4
(c) केवल 3 और 4 (d) 1, 3 और 4

4. **निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा एक भारतीय षड्‌दर्शन का भाग नहीं है?**
Which one of the following pairs does not form part of the six system of Indian Philosophy?
(a) मीमांसा और वेदान्त (Mimamsa and Vedanta)
(b) न्याय और वैशेषिक (Nyaya and Vaisheshika)
(c) लोकायत और कापालिक (Lokayata and Kapalika)
(d) सांख्य और योग (Sankhya and Yoga)

5. **भारत के सम्प्रतीक के नीचे उत्कीर्ण भारत की राष्ट्रीय आदर्शोक्ति 'सत्यमेव जयते' कहां से ली गई है?**
The national motto of India, 'Satyameva Jayate' inscribed below the Emblem of India is taken from
(a) कठ उपनिषद् (Katha Upanishad)
(b) छांदोग्य उपनिषद् (Chandogya Upanishad)
(c) ऐतरेय उपनिषद् (Aitareya Upanishad)
(d) मुंडक उपनिषद् (Mundaka Upanishad)

6. **1905 में लॉर्ड कर्जन द्वारा किया गया बंगाल का विभाजन कब तक बना रहा?**
The Partition of Bengal made by Lord Curzon in 1905 lasted untill
(a) प्रथम विश्वयुद्ध तक, जिसमें अंग्रेजों को भारतीय सैनिकों की आवश्यकता पड़ी और विभाजन समाप्त किया गया
the First World War when Indian troops were needed by the British and the partition was ended
(b) सम्राट जॉर्ज पंचम द्वारा दिल्ली में 1911 के शाही दरबार में कर्जन के अधिनियम को निराकृत किये जाने तक
King George V abrogated Curzon's Act at the Royal Durbar in Delhi in 1911
(c) महात्मा गांधी द्वारा अपना सविनय अवज्ञा आन्दोलन आरम्भ करने तक
Gandhiji launched his Civil Disobedience Movement
(d) भारत के 1947 में हुए विभाजन तक, जब पूर्वी बंगाल, पूर्वी पाकिस्तान बन गया।
the Partition of India in 1947 when East Bengal became East Pakistan

7. **स्वतंत्रता आन्दोलन के इतिहास में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 1929 का अधिवेशन इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस अधिवेशन में-**
The 1929 Session of Indian National Congress is of significance in the history of the Freedom Movement because the
(a) कांग्रेस के उद्देश्य के तौर पर स्व-शासन प्राप्ति की घोषणा की गई
